Perinatal and Maternal Mortality Review Committee

*He matenga ohorere, he wairua uiui, wairua mutungakore*

# Pānui (पानुई)/whānau (फानाऊ)/ परिवारों के लिए पोस्ट-मॉर्टम जाँच के बारे में जानकारी

## यह पता लगाने की कोशिश करना कि आपके pēpi/शिशु की मृत्यु क्यों हुई: पोस्ट-मॉर्टम के लिए विकल्प

Health Quality & Safety Commission New Zealand
*Kupu Taurangi Hauora o Aotearoa*

# हमें बहुत खेद है कि आपके अनमोल शिशु की मृत्यु हो गई है

हम समझते हैं कि शिशु की मृत्यु का कारण खोजना परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है। पोस्ट-मॉर्टम जाँच इसका कारण खोजने में मदद कर सकती है। यह पैम्फलेट (पुस्तिका) आपको यह निर्णय लेने में मदद करने के लिए जानकारी देती है कि आपके शिशु की पोस्टमॉर्टम जाँच की जाए या नहीं।

---

ये जाँच:

- आपको यह पता लगाने का सबसे अच्छा मौका दे सकती हैं कि आपके शिशु की मृत्यु क्यों हुई
- आपको मृत्यु के कारण के बारे में जानकारी देती हैं और वंशानुगत कारणों की जाँच करती हैं
- आपको इस बारे में आश्वस्त करती हैं कि मृत्यु किस कारण से नहीं हुई थी, भले ही कोई कारण न मिला हो
- आपको भविष्य की गर्भावस्थाओं में ऐसा होने की संभावनाओं के बारे में बताती हैं
- यह समझने में हमारी मदद करती हैं कि कुछ बच्चों की मौत क्यों होती है और दूसरे whānau (फानाऊ)/ परिवारों के साथ ऐसा होने से रोकने की कोशिश करती हैं।

---

## पोस्ट-मॉर्टम क्या है?

पोस्ट-मॉर्टम के तीन अलग-अलग प्रकार हैं:

- पूर्ण पोस्ट-मॉर्टम
- सीमित पोस्ट-मॉर्टम
- बाहरी पोस्ट-मॉर्टम।

ये जाँच उन शिशुओं के लिए निःशुल्क हैं जिनके माता-पिता न्यूज़ीलैंड में सार्वजनिक रूप से फंडिड मैटर्निटी केयर (वित्त-पोषित मातृत्व देखभाल) के पात्र हैं। आपकी मिडवाईफ (दाई) / डॉक्टर उन लोगों के लिए संभावित लागतों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान कर सकते हैं जो इसके पात्र नहीं हैं।

## पूर्ण पोस्ट-मॉर्टम (जिसे ऑटोप्सी के रूप में भी जाना जाता है)

यह एक ऐसी जाँच (सावधानीपूर्वक जाँच) है जिसमें एक विशेषज्ञ डॉक्टर (प्रसवकालीन रोगविज्ञानी) द्वारा आपके शिशु के शरीर और आंतरिक अंगों की सर्जिकल ऑपरेशन (शल्यक्रिया) शामिल है। इसमें प्लेसेंटा (गर्भनाल) की जाँच शामिल है, और यदि संभव हो, तो इसमें मेडिकल तस्वीरें और एक्स-रे शामिल हो सकते हैं। पोस्ट-मॉर्टम के दौरान, आपकी सहमति से, आपके शिशु के टिश्यू के छोटे नमूने (जो यदि आप चाहें तो आपको वापस कर दिए जाएंगे) की माइक्रोस्कॉप ( सूक्ष्मदर्शी यंत्र) के नीचे जाँच की जाएगी। इन टिश्यू को अन्य जाँच के लिए भी भेजा जा सकता है, जिसमें विरासत में मिले बैक्टीरिया या साइटोजेनेटिक्स (गुणसूत्र) जैसे मृत्यु के कारण शामिल हैं। हमें लगता है कि आपके शिशु की मृत्यु क्यों हुई, यह पता लगाने में मदद करने के लिए एक पूर्ण पोस्ट-मॉर्टम जाँच सबसे अच्छी जाँच है।

---

## सीमित पोस्ट-मॉर्टम

आप तय करते हैं कि आपके शिशु के शरीर के किन हिस्सों और आंतरिक अंगों में सर्जिकल ऑपरेशन होगा या नहीं होगा (उदाहरण के लिए, शिशु का सिर नहीं), हालांकि, ऐसा करने से यह पता लगाने की संभावना कम हो सकती है कि आपके शिशु की मृत्यु क्यों हुई। एक सीमित पोस्ट-मॉर्टम में यदि संभव हो तो whenua (फेनुआ)/प्लेसेंटा (गर्भनाल) की जाँच शामिल है, और इसमें मेडिकल फोटोग्राफ और एक्स-रे शामिल हो सकते हैं।

---

## बाहरी पोस्ट-मॉर्टम

एक बाहरी जाँच में विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा आपके शिशु के शरीर की बाहरी जाँच की जाती है (इसमें सर्जिकल ऑपरेशन शामिल नहीं होता)। इसमें यदि संभव हो, तो whenua (फेनुआ)/प्लेसेंटा (गर्भनाल) की जाँच शामिल है, और इसमें मेडिकल फोटोग्राफ और एक्स-रे शामिल हो सकते हैं।

---

## केवल Whenua (फेनुआ)/placenta (गर्भनाल) की जाँच

यदि आप अपने शिशु के लिए किसी भी प्रकार का पोस्ट-मॉर्टम नहीं करने का निर्णय लेते हैं, तो आपके whenua (फेनुआ)/प्लेसेंटा (गर्भनाल) की जाँच करना आपके शिशु की मृत्यु के कारण का पता लगाने में बहुत सहायक हो सकता है। Whenua/(फेनुआ)/प्लेसेंटा (गर्भनाल) को संरक्षित रखने वाले द्रव में रखा जाएगा और इसे आपको वापस किया जा सकता है। इसमें कई सप्ताह लग सकते हैं।

## हम जानते हैं कि यह वास्तव में एक कठिन निर्णय है

यदि आपका बच्चा मृत पैदा हुआ है, तो पोस्ट-मॉर्टम के बारे में निर्णय आमतौर पर आपका होता है। यदि जन्म के बाद आपके शिशु की मृत्यु हो जाती है, तो कोरोनर (मृत्यु-समीक्षक) द्वारा पोस्ट-मॉर्टम का अनुरोध किया जा सकता है।

---

## पोस्ट-मॉर्टम कितनी जल्दी किया जाना चाहिए?

हम समझते हैं कि अपने शिशु के साथ आपका समय कीमती है। पोस्ट-मॉर्टम जाँच (पूर्ण, सीमित या बाहरी) तुरंत होना जरूरी नहीं है; आप इसके बारे में सोचने के लिए एक या दो दिन का समय ले सकते हैं, लेकिन जाँच के लिए, जितना जल्दी होगा, उतना ही अच्छा है।

हमारे विशेषज्ञ डॉक्टर (पेरीनेटल पैथोलॉजिस्ट) सोमवार से शुक्रवार, सामान्य घंटे काम करते हैं, इसलिए यदि आप 1-2 दिनों के भीतर tangihanga (तांगीहांगा)/अंतिम संस्कार करना चाहते हैं तो कृपया हमें जल्द से जल्द बताएं, क्योंकि पोस्ट-मॉर्टम आमतौर पर उपयुक्त समय पर पूरा किया जा सकता है। कुछ माता-पिता अपने शिशु को घर या अस्पताल के बाहर किसी विशेष स्थान पर ले जाते हैं ताकि वे टिकांगा/परंपराओं या रीति-रिवाजों के बारे में सलाह ले सकें जिससे पोस्ट-मॉर्टम करवाने या न करवाने के निर्णय में मदद मिल सके। इसका चुनाव आप पर निर्भर है।

---

यदि आप पोस्ट-मॉर्टम कराने का निर्णय लेते हैं तो आप अपने शिशु को उससे पहले या बाद में किसी भी समय देख सकते हैं। एक बार आयोजित हो जाने के बाद, पोस्ट-मॉर्टम आमतौर पर 1-2 कार्य दिवसों के भीतर होता है और जैसे ही यह पूरा हो जाता है, आपका बच्चा और whenua/प्लेसेंटा आपको वापस कर दिया जाएगा।

# पोस्ट-मॉर्टम के दौरान हमारे शिशु का क्या होगा?

आपके शिशु का पोस्ट-मॉर्टम सैंट्रल ऑकलैंड, वैलिंगटन, क्राइस्टचर्च और डनिडन अस्पतालों में प्रदान किए गए विशेष रूप से सुसज्जित कमरे में, विशेषज्ञ डॉक्टर (पेरीनेटल पैथोलॉजिस्ट) द्वारा किया जाता है।

पोस्ट-मॉर्टम पूरा होने तक (आमतौर पर लगभग तीन घंटे) आप और आपके whānau (फानाऊ)/परिवार नजदीक ही इंतजार कर सकते हैं। कुछ अस्पतालों में whānau (फानाऊ)/पारिवारिक प्रतीक्षालय होता है, जिसे साझा किया जा सकता है।

यदि आपके शिशु को पोस्ट-मॉर्टम के लिए यात्रा करने की आवश्यकता है, तो आपका डॉक्टर / दाई हवाई या सड़क मार्ग से यात्रा का आयोजन करेंगे जिसे पात्र लोगों के लिए सार्वजनिक मातृत्व देखभाल फंडिंग के तहत कवर किया जाता है। आपके शिशु के शरीर को अस्पताल के फ्यूनरल डॉयरेक्टर (अंतिम संस्कार निदेशक) द्वारा यात्रा के लिए सावधानीपूर्वक तैयार और संरक्षित किया जाएगा। यदि यात्रा हवाई मार्ग से की जा रही है, तो आपके शिशु को सम्मानपूर्वक उड़ान के लिए विमान के होल्ड भाग में रखा जाएगा। यदि आपका परिवार आपके शिशु के साथ पोस्ट-मॉर्टम में जाना चाहता है, तो कृपया अपने डॉक्टर / दाई से बात करें क्योंकि कुछ अस्पताल परिवार की यात्रा लागत के लिए सहायता प्रदान कर सकते हैं।

पोस्ट-मॉर्टम के बाद, विशेषज्ञ कर्मचारी आपके शिशु के सिर के पीछे और आपके शिशु की छाती पर सर्जिकल ऑपरेशन के निशानों को सावधानीपूर्वक ढक देंगे, ठीक उसी तरह जैसे कि मानो आपके शिशु का ऑपरेशन हुआ हो। इसके बाद आपके शिशु को ध्यान से नहलाया जाएगा और उसे कपड़े पहनाए जाएंगे (आपकी पसंद के कपड़े) और आपके पास लौटा दिया जाएगा।

आपके शिशु का चेहरा, हाथ और पैर ऑपरेशन में शामिल नहीं होते और पोस्टमार्टम के निशान आपके बच्चे के कपड़ों के नीचे होते हैं, इसलिए आपका शिशु पोस्ट-मॉर्टम से पहले जैसा ही दिखेगा और महसूस होगा।

---

न्यूज़ीलैंड के एक अध्ययन में उन 169 माताओं के साक्षात्कारों की सूचना दी गई थी जिन्होंने गर्भावस्था के 28 सप्ताह के बाद मृत शिशु को जन्म दिया था। दस प्रतिशत (70 में से 7) माताओं, जिन्होंने पोस्ट-मॉर्टम को अस्वीकार कर दिया था, ने कहा कि वे इस निर्णय को दोबारा नहीं लेंगी। पोस्ट-मॉर्टम के लिए सहमत होने वाली किसी भी माता (99 में से 0) ने अपने फैसले पर खेद नहीं जताया।[1]

1. Cronin R, Li M, Wise M, et al. 2018. Late stillbirth post mortem examination in New Zealand: maternal decision-making. *Aust NZ J Obstet Gyn* 58(6): 667–73.

## हमें पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट कब मिलेगी?

आपके शिशु की पोस्ट-मॉर्टम लिखित रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में 6-8 सप्ताह लग सकते हैं (यदि आप टिश्यू जाँच की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो कभी-कभी अधिक समय लगता है)। गोपनीय रिपोर्ट आमतौर पर उस अस्पताल को, जहाँ आपने जन्म दिया था, अस्पताल के विशेषज्ञ जिसने आपकी देखभाल की, आपके पारिवारिक डॉक्टर और आपकी दाई को भेजी जाती है।

निष्कर्षों पर विचार करने और आपके सवालों के जवाब देने के लिए अस्पताल आपसे मिलने का समय तय करेगा। आपके शिशु की पोस्ट-मॉर्टम रिपोर्ट की एक प्रति प्रसवकालीन और मातृ मृत्यु दर समीक्षा समिति के राष्ट्रीय समन्वयक को भी भेजी जाएगी, जिसका उद्देश्य अन्य परिवारों को शिशु की मृत्यु का सामना करने से रोकने में मदद करना है। आपकी और आपके शिशु की पहचान की जा सकने वाली जानकारी को कभी भी सार्वजनिक नहीं किया जाएगा।

## अधिक जानकारी

आपकी दाई / डॉक्टर: यदि आप अपने बच्चे के पोस्टमार्टम के बारे में किसी भी प्रश्न पर चर्चा करने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर (प्रसवकालीन रोगविज्ञानी) से बात करना चाहते हैं तो कृपया अपनी दाई / डॉक्टर को सूचित करें।

प्रसवकालीन और मातृ मृत्यु दर समीक्षा समिति: यह समिति न्यूज़ीलैंड के शिशुओं (गर्भावस्था के 20 सप्ताह से लेकर जन्म के 28 दिन बाद तक) की मृत्यु और गर्भावस्था या प्रसव के परिणामस्वरूप मरने वाली माताओं की समीक्षा करती है, और यह सलाह देती है कि बच्चे और माँ की मृत्यु को कैसे रोका जाए www.hqsc.govt.nz/our-programmes/mrc/pmmrc/information-for-parents-and-families

Sands NZ (सैंड्स एनज़ैड): यह माता- पिता का समूह दूसरे माता-पिता/फानाऊ/परिवार जिन्होंने एक शिशु की मौत का अनुभव किया है, उन्हें सहायता और जानकारी प्रदान करता है www.sands.org.nz

ऑनलाइन वीडियो 'आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में शिशुओं का पोस्ट-मॉर्टम': दो माताएँ जिन्होंने एक अनमोल शिशु को खो दिया है, इस बारे में बात कर रही हैं कि आप अपने शिशु के पोस्ट-मॉर्टम से क्या उम्मीद कर सकती हैं www.youtube.com/watch?v=O2jijqJs0K0

Whetūrangitia (फेतुरांगीतिया): शोक संतप्त माता-पिता या माता-पिता की ओर से कार्य करने वालों की मदद करने के लिए एक वेबसाइट मिसकैरिज (असमय गर्भपात) पर सरकारी एजेंसियों और निजी सेवाओं से अप-टू-डेट (ताजा) जानकारी प्राप्त करें, मृत जन्म, भ्रूण असामान्यता, नवजात मृत्यु, और शिशु या शिशु की मृत्यु https://wheturangitia.services.govt.nz

Perinatal and Maternal Mortality Review Committee
He matenga ohorere, he wairua uiui, wairua mutungakore

New Zealand Government